समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# मुख्यमंत्री से मिली उदयपुर ग्रामीण क्षेत्र की मेधावी बेटियां, परीक्षाओं मे उंत्कृष्ट प्रदर्शन पर दी बधाई।

Publisher Published on 14 May 2025



## राजकीय विद्यालयों की छात्राओं ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं मे हांसिल किए शानदार अंक, मुख्यमंत्री ने कहा— ये बेटियां है रांजस्थान का उज्ज्वल भविष्य

सवांदाता,उदयपुर,राजस्थान

**उदयपुर : उदयपुर ग्रामीण** क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में **अध्ययनरत 10वीं और 12वीं** की उन प्रतिभाशाली बालिकाओं ने आज **मुख्यमंत्री कार्यालय** में एक स्नेहपूर्ण भेंट की, जिन्होंने अपनी असाधारण प्रतिभा से बोर्ड परीक्षाओं में श्रेष्ठतम परिणाम हासिल किए हैं।

मुख्यमंत्री ने इन **मेधावी छात्राओं** का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ये बेटियां न केवल अपने परिवार का बल्कि पूरे राज्य का गौरव हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी दोहराया कि **राजस्थान सरकार बालिकाओं** के **शैक्षिक विकास, सामाजिक सशक्तिकरण, आर्थिक आत्मनिर्भरता** और **सर्वांगीण उन्नति** के लिए संकल्पित है।

मुख्यमंत्री ने छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि “आप सभी आने वाले समय की लीडर्स हैं। आपकी मेहनत और लगन से प्रदेश को एक नई दिशा मिलेगी। राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं जैसे कि राजश्री योजना, बालिका शिक्षा प्रोत्साहन योजना तथा मुख्यमंत्री छात्रा प्रोत्साहन योजना का उद्देश्य भी यही है कि हर बालिका को शिक्षा और अवसर प्राप्त हो।”

इस अवसर पर कई **शिक्षा अधिकारियों, शिक्षकों** और **छात्राओं** के परिजनों की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही। छात्राओं ने भी अपने अनुभव साझा किए और मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए प्रोत्साहन को प्रेरणादायक बताया।

राज्य सरकार का यह प्रयास न केवल बालिकाओं के आत्मविश्वास को बढ़ा रहा है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के प्रति लोगों की सोच भी बदल रहा है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.